# अवैध शराब पर अंकुश लगाने में असफल आबकारी विभाग

▸ शहर की होटलो में खुलेआम बेची जा रही है अवैध शराब

**धार । शहर की होटलों में खुलेआम अवैध शराब बेची एवं पिलाई जा रही है इसे रोकने में आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग पूरी तरह असफल और असहाय बना हुआ है यहां आपको यही भी बता दें कि अवैध शराब एवं वैध शराब में क्या अंतर होता है सरकार से लाइसेंस लेकर जो शराब अधिकृत दुकान से बेची जाती है वह शराब वैध होती है ज्ञात हो कि ठेके नीलामी की प्रक्रिया के तहत सरकार ठेकेदार से एक बड़ी रकम लेकर लाइसेंस देती है और इसी लिए यह शराब वैध कहलाती है**

वहीं अवैध शराब वह कहलाती है जो अन्य स्थानों से चोरी छुपे तस्करी करके लाई जाती है और चोरी छुपे बेची जाती है






## ▶ आबकारी अवैध शराब की बिक्री रोकने में असक्षम

धार शहर व आसपास के क्षेत्र की होटलो, ढाबो और गली मोहल्ले में खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही जिस पर रोक लगाने में धार आबकारी विभाग पूरी तरह असफल व असक्षम साबित हो रहा है आबकारी विभाग की इस लापरवाही के कारण सरकार को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान तो हो ही रहा है साथ ही शराब पीने वाले लोगों की जान पर भी खतरा मंडरा रहा है लाखों रुपए की मोटी पगार लेने वाले आबकारी अधिकारी सिर्फ वीआईपी गाड़ियों मे घूमने एवं एयर कंडीशनर कार्यालय व बंगलो का आनंद लेने में ही व्यस्त है और इसी के चलते अवैध शराब तस्करों के दिल और दिमाग से आबकारी का डर निकल चुका है ?

आपको बता दे की ऐसी ही अवैध शराब बाहर से लाकर धार शहर की होटलो, ढाबो और कुछ गली मोहल्ले में बेची जा रही है इस अवैध शराब की बिक्री से जहां एक और सरकार को राजस्व का नुकसान होता है तो वहीं दूसरी ओर इस शराब को पीने वाले की जान पर भी खतरा बना रहता है क्योंकि यह शराब सस्ते दामों पर लाकर सस्ते में बेची जाती है तो ऐसे में कई बार शराब तस्कर अवैध रूप से बनाई गई नकली शराब भी बेचते हैं जो जहरीले भी हो सकती है**कहां- कहां का बिक रही अवैध शराब-** धार शहर के अनेक होटलो व ढाबों पर अवैध शराब खुलेआम बेची जा रही है भोजशाला से देवीजी जाने वाले मार्ग पर स्थित होटलो एवं फोरलेन पर स्थित होटलो और ढाबों पर अवैध शराब बेची जा रही है वहीं कुछ गली और मोहल्लो में भी अवैध शराब बेची जा रही है शराब तस्कर यह अवैध शराब अन्य स्थानो से लाकर यहां बेच रहे

### पुलिस भी नहीं निभा रही अपनी ड्यूटी

आबकारी की तरह ही पुलिस भी अवैध शराब के मामले में निष्क्रिय दिखाई दे रही है पुलिस थाने एवं पुलिस चौकी के आसपास ही खुलेआम शराब बेची जा रही है और पुलिस धृष्टराज बनी हुई है भोजशाला पुलिस चौकी के नजदीक आसपास स्थित होटलो में भी खुलेआम शराबी परोसी जा रही है वही नौगांव थाना क्षैत्र में स्थित होटलो पर भी शराब पिलाई जा रही है गौरतलब यह है कि पुलिस को सब कुछ पता है लेकिन पुलिस अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है यह एक गंभीर सवाल है

# स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा को लेकर धार में कैट की बैठक



धार. स्वदेशी,संकल्प रथ यात्रा केलिए बैठक धार जिला कैट की स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा को लेकर बैठक संपन्न हुई. कनफेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स केट एवं स्वदेशी जागरण मंच धार की एक संयुक्त बैठक केंट के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इंदौर संभाग अध्यक्ष महेश माहेश्वरी के मुख्य अतिथि में जिला अध्यक्ष बबन जी अग्रवाल के निवास स्थल पर हुई, बैठक में जिला अध्यक्ष ने बताया कि यात्रा 9 तारीख को संकल्प रथ के रूप में धार में प्रवेश करेंगी हम सब व्यापारियों को मिलकर इस यात्रा का भव्य स्वागत करना है इस अवसर पर,माहेश्वरी ने बताया कि यह यात्रा नागपुर से प्रारंभ होकर मध्य प्रदेश में प्रवेश आगई है मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले से धार में 9 तारीख आएगी इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य स्वदेशीअपनाने को बढ़ावा दे, हम सब स्वदेशी हैं वोकल फार लोकल स्वदेशी वस्तुओं को अपना कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहयोग करें भारत को आर्थिक रूप से सुरक्षित समृद्ध और स्वावलंबी बनाने के लिए अपने घर परिवार व्यापार में स्थानीयऔर स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देना है, स्वदेशी स्वीकार विदेशी बहिष्कार, हर घर स्वदेशी हर घर युवा उद्यमी की पुकार आपने बताया कि स्वदेशी सामान को खरीदना और बैचना भी देश की सच्ची सेवा होगी दुनिया में हमारा कोई बड़ा दुश्मन नहीं सबसे बड़ा दुश्मन दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता रहनाहै, ऐसी कई बातों का वर्णन करते हुए आपने कहा कि आप ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी वस्तुओं को अपने और भारत की उत्पादक वस्तुओं का ही आपस में क्रय विक्रय करें जिससे हमारा देश आगे बढ़ेगा समृद्ध होगा और 9 तारीख को आने वाली यात्रा जो की राजवाड़ा से लालबाग तक यात्रा रूप में निकलेगी उसका भव्य स्वागत करना है इस यात्रा को सफल बनाने के लिए दो प्रभारी बनाये गये प्रवीण कुमार टॉक एवं जगत प्रताप सिंह यह यात्रा के प्रभारी होंगे कई मुद्दों पर चर्चा की गई इस अवसर पर किराना संगठन के अध्यक्ष प्रवीण टाक औद्योगिक क्षेत्र से प्रवीण गुप्ता, संजय बडोदिया ,नरेंद्र मोदी मंच से राजा भाऊ भदानिया लकड़ी पीठा संगठन से कीकाभाई बोहरा थोक व्यापारी संघ से श्याम लाल अग्रवाल मिठाई संघ से ओम जी शिकंजी आयुर्वेदिक संगठन से कवि नंदकिशोर उपाध्याय आईटी सेल के शुभम उपाध्याय अकाउंटेंट संगठन से शुभम अग्रवाल चार्टर्ड संगठन एवं टैक्स कंसल्टेड संगठन से रवि माहेश्वरी एवं रितेश अग्रवाल प्रॉपर्टी संघ से राजेंद्र जैन, पेट्रोल पंप संगठन से जगतपाल सिंह कई संगठन के पदाधिकारी गण व्यापारी गण उपस्थित थे आभार संगठन के उपाध्यक्ष नारायण जोशी पराग ने माना उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी जयनंदकिशोर जी उपाध्याय ने दी ।

# श्री दत्तात्रेय जयंती पर हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन

*तुलसी मानस मंडल की प्रस्तुति*



**बाग** - दत्तात्रेय भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश (शिव) के संयुक्त अवतार माने जाते हैं। वे ऋषि अत्रि और माता अनुसूया के पुत्र थे। उन्हें गुरुओं का गुरु और %आदि गुरु% भी कहा जाता है, और उनकी पूजा से तीनों देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। ब्रम्हा, विष्णु एवं महेश के संयुक्त रुप श्री भगवान दत्तात्रेय की जयंती के अवसर पर श्री नागेश्वर मंदिर पर सुंदरकांड का आयोजन किया गया। तुलसी मानस मंडल द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ में मंडल के सदस्यों ने उपस्थित रहकर सस्वर

सुंदरकांड पाठ कर भजनों का आनंद लिया ।इस अवसर पर मंडल प्रमुख राजेन्द्र सिंह झाला, राधेश्याम प्रजापति,हरी वर्मा, सुरेश चंद्र गुप्ता, धर्मेंद्र सेन,दिनेश नामदेव,जेकी शिंदे,मोनू शर्मा , देवेंद्र शर्मा सहित अनेक भक्त उपस्थित थे। पंडित देवेंद्र शर्मा ने सुंदरकांड पाठ की आरती प्रसादी वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया।

# भाजपा किसान मोर्चा की आगामी कार्य योजना को लेकर जिला बैठक

▸ धार मुख्यालय पर किसान सम्मान यात्रा व किसान सम्मेलन का आयोजन होगा





**धार। भाजपा जिला कार्यालय पर शुक्रवार को भाजपा किसान मोर्चा की आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला बैठक आयोजित की गई जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप पटोंदिया तथा अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने बैठक को संबोधित किया।**

इस दौरान मंच पर किसान मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश जाट पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेष यादव भाजपा नेता महेश रावला किसान मोर्चा जिला महामंत्री विष्णु चौधरी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रविंद्र पाटीदार राजेंद्र पटेल पर्यावरण की डॉ अमृत पाटीदार चतर सिंह बिजुर उपस्थित रहे। सर्व प्रथम अतिथियों ने भारत माता व पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण दीप प्रज्वालित कर बैठक आरंभ की।

जिलाध्यक्ष निलेश भारती ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की प्रदेश सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक किसान कल्याणकारी योजना के माध्यम से सरकार कृषि को लाभ का धंधा बनाने के कार्य में लगी है। भावांतर योजना से लेकर किसान सम्मान निधि तक ऐसी अनेक योजनाएं है जो भाजपा की सरकार किसानों के लिए कर रही है ।मुख्य अतिथि दिलीप पटोंदिया ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के अहवान पर आगामी दिनों में धार मुख्यालय पर किसान सम्मान यात्रा व किसान सम्मेलन का आयोजन तय हुआ है । इस आयोजन में किसान मोर्चा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हैं । हम सभी राष्ट्रवादी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं। भाजपा की सरकार अंत्योदय के आधार पर जनकल्याणकारी कार्य कर रही है। भाजपा की सरकार ने गांवों को शहरों से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री सड़क से लेकर किसान क्रेडिट कार्ड और नदी जोड़ो योजना से लेकर कृषि सिंचाई योजनाएं भावांतर योजना से लेकर किसान सम्मान निधि तक भाजपा सरकार ने किसानों के लिए दी है । प्रदेश की डॉ मोहन यादव सरकार ने लाखो किसानों के खाते में भावांतर की राशि डाली गई है।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि लाखन सिंह राजपूत भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सिंह रघुवंशी किसान मोर्चा जिला पदाधिकारी राजेश वर्मा विकास शर्मा खरसो?ा गंगाराम पटेल अनिरुद्ध सिंह ठाकुर रितेश अग्निहोत्री जगदीश कामदार रामलाल संगीत्रा कमलेश बिजवा खेमराज लववंशी समेत किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।



**एक नजर** ▶ कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के लिए पंडाल को फूलों से सजाकर धूमधाम मनाया।

# मनुष्य को अवगुणों को छोड़कर धर्म के रास्ते पर चलना पड़ेगा : पं. कमलकिशोर नागर

▸ भागवत कथा का चतुर्थ दिवस
70 हजार स्क्वेयर फिट का पंडाल भी छोटा पड़ा
1988 में पहली बार पंडित कमलकिशोर जी नागर की कथा हुई थी तिलगारा में।



**बदनावर।** समय तो साथ देता है अगर शरीर साथ दे तो भगवान के भजन में लगाना ।बहुत कम लोग होते हे जिनका समय ओर शरीर ठीक रहता है समय रहते अच्छे काम निपटालना क्योंकि अच्छा समय कम ही मिलता हैं। शरीर में दुख होगा तो चलेगा लेकिन दोष नहीं होना चाहिए यह बात तिलगारा में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन पंडित कमलकिशोर जी नागर ने कही । साथ ही भागवत के माहात्म्य के वर्णन करते हुए कहा कि आज फालतू के काम जिंदगी गवा रहे लोग। झूठ कपट पाखंड से घिरते जा रहे हे इससे छुटकारा पाने के लिए मनुष्य की अवगुणों को छोड़ कर धर्म के रास्ते पर चलना पड़ेगा और भागवत कथा श्रवण करके उसका चिंतन करना पड़ेगा क्योंकि व्यास पीठ ने कितनो को ही सुधार दिया है। सत्संग वायु तत्व समान हे जो नजर नहीं आता। जिंदगी में कभी भी अपने लक्ष्य से मत भटकना क्योंकि दुनिया टांग खींचने वालों से भरी पड़ी है। पाप यमराज संकट और मौत भी वापस चली जाएगी अगर आप के पाप पुण्य है।आज यमराज भी देखते आपने जीवन में क्या काम किया कितना दान धर्म भजन और प्रार्थना की है आज के समय में दिखावे का समय चल रहा है। मन से कभी सच्ची भगवान की भक्ति नहीं है टोने टोटके के भरोसे बैठा है इंसान। अगर मन से भगवान की भक्ति की होती तो आज टोने टोटके की जरूरत नहीं पड़ती। प्याज का काम रुलाना ही है उसे प्रेम से काटो या द्वेष से ।

जिस प्रकार ग्यारस के एक दिन पहले ही उपवास की तैयारी मूंगफली के दाने निकालकर करते हे उसी प्रकार जीवन को अमूल्य समझ कर भजन भक्ति धर्म के रास्ते पर चल कर परलोक जाने की तैयारी कर लेना चाहिए। ताकि मरने के बाद दूसरे को ग्यारस करने की आवश्यकता न पड़े।

> परमात्मा को धन दौलत प्रसाद नारियल की आवश्यकता नहीं है भगवान को भाव के भूखे है उन्हें केवल विनम्रता से विनती करनी चाहिए। कभी कभी प्रेम और करुणा से कि गई प्रार्थना भी काम कर जाती है ।ये चढ़ावा मंतर तंतर दिखावे से कुछ नहीं होता। भगवान को अपनी आत्म से निकले गहरे अनुराग को प्रकट करो। कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के लिए पूरे पंडाल को फूलों से सजाकर धूमधाम से मनाया। कथा पंडाल में पुष्प वर्षा की गई। रात्रि में जाप के लिए बड़ी संख्या में आस पास के गांवों से पहुंच रहे लोग। दूर से आए करीब डेढ़ से दो हजार श्रोता पंडाल में ही रात्रि विश्राम करते है। आयोजक समिति द्वारा रुके हुए श्रोताओं के लिए चाय नाश्ता तथा भोजन की व्यवस्था की गई।

**एक नजर में**

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बिलामसिंह मंडलोई का निधन



टांडा(धार)- धार जिला पंचायत के गठन के बाद धार जिले के प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष रहे बिलाम सिंह मंडलोई का 60 वर्ष की आयु में बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम काकड़कुआ में किया गया जहां पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखे ?ी, जनजाती विकास मंच के जिला अध्यक्ष अरविंद डावर, पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया,मंडल अध्यक्ष अमरसिंह सोलंकी,यशवंत धार्वे,अवदेश सचान,प्रदीप गादिया, कांग्रेस कार्यकर्ता भूपेंद्र सिंह (गुडडू) चुनपीया ,रवि आर्य,बाबू पटेल देपालपुर सहित कई नेताओं ने मंडलोई के अंतिम संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। बिलामसिंह मंडलोई 2 बार सरपंच,3 बार जिला पंचायत सदस्य, एवं 1 बार 1994 में जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। मंडलोई के कार्यकाल में अनेक विकास कार्य हुए जिसे क्षेत्र की जनता आज भी याद करती है,।

## बड़ी चौपाटी व नगर में यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए ज्ञापन दिया



**बदनावर।** नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से आज नगर एवं बड़ी चौपाटी क्षेत्र में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीओपी अरविंद सिंह तोमर को देकर यातायात व्यवस्था को सुधारने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि पिछले दिनों नगर में कई सड़क हादसे हुए हैं। जिसमें निर्दोष लोगों की जान गई है। गंभीर हादसो के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई स्थाई समाधान नहीं करना दुख की बात है। नगर कांग्रेस यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए की मांग करती है। दिए गए ज्ञापन में मुख्य रूप से बताया कि बड़ी चौपाटी से बस स्टैंड तक आने जाने वाली यात्री बसों की रफ्तार बहुत तेज होती है। कई बार ओवरटेक करने में इन बसों से हादसे भी हुए हैं। जिनमें लगे प्रेशर हॉर्न की कर्कश ध्वनि से आम लोगों को काफी पीड़ा होती है। मार्ग पर शासकीय कार्यालय, विद्यालय और रहवासी कालोनियां स्थित है। नगर में बाइक एवं बुलेट में अवैध रूप से मोडिफाइड लगे साइलेंसर की वजह से बंदूक की गोली जैसी कान फोडू आवाज निकलती है। जिससे राहगीरों एवं अन्य वाहन चालक घबराकर अपना संतुलन को देते हैं। जिससे दुर्घटना होने की संभावना रहती है। नगर के कई स्कूलों की बसें भी नगरीय क्षेत्र में अत्यधिक तेज गति से चलती है। जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नगर में यातायात सुधार करने के लिए ट्रैफिक पुलिस की आवश्यकता है। जो नगर के व्यस्त क्षेत्र में तैनात होकर आवागमन को नियंत्रित कर सके। ज्ञापन देते समय नगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश होती विधायक प्रतिनिधि कैलाश गुप्ता, निर्मल वर्मा, विनोद शर्मा,चेतन सिंह राठौड़, अश्विन पाटीदार, महेंद्र कटरा, अनुप जैन, अक्षत चोपड़ा, बद्री लाल पाटीदार, सुरेश माली, भेरूलाल वसुनिया, हजारीलाल मुकाती,राजेंद्र जाट, आशीष जोशी, मोहन जाट, कैलाश सिरवी, ओमप्रकाश परमार, राजेश भाटी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राष्ट्रीय आदिवासी कल्याण परिषद ने टंट्या भील की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**सरदारपुर।** क्रान्तिकारी टंट्या भील के बलिदान दिवस पर राष्ट्रीय आदिवासी कल्याण परिषद द्वारा राजगढ़ नगर स्थित टंट्या भील कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कि जिस दौरान परिषद के अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित थे। राष्ट्रीय आदिवासी कल्याण परिषद अध्यक्ष बालुसिंह बारिया ने बताया कि जननायक टंट्या भील आजादी के आंदोलन में उन महान नायकों में शामिल है, जिन्होंने आखिरी सांस तक अंग्रेजी सत्ता की नाक में दम कर रखा था। टंट्या भील को आदिवासियों का रॉबिनहुड भी कहा जाता है, क्योंकि वो अंग्रेजों के भारत की जनता से लूटे गए माल को अपनी जनता में ही बांट देते थे। टंट्या भील को टंट्या मामा के नाम से भी जाना जाता है एवं 4 दिसंबर को उनका बलिदान दिवस मनाया जा रह है। जिस दौरान प्रदेश प्रभारी जीवन गिरवाल, संरक्षक भारत सिंह खराड़ी, रणछोड़ मेड़ा, डमरू भाई, नाथुलाल खपेड, मिश्रीलाल निनामा, शांतिलाल, गामड़, गिरधारी मकवाना, आदि सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भगवान हमेशा भजन करने वाले भक्त को ही आगे बढ़ता है



**मनावर ।** मनावर गीता ज्ञान प्रचारक समिति द्वारा सिंघाना रोड परआयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिवस कथावाचक पंडित प्रवीण शर्मा ने कहा कि भगवान हमेशा भजन करने वाले भक्त को ही आगे बढ़ता है तथा निंदा करने वालों को हमेशा पीछे छोड़ देता है जिस प्रकार चाहे कितनी भी महंगी कार हो वह हमेशा बुराई रूपी धुआ पीछे से ही छोड़ती है ।पंडित शर्मा ने कहा कि जब भी पवित्र सरोवर नदियां गंगा नर्मदा आदि में स्नान करने के लिए जाते हैं तो जीवन में हमेशा% तर %जाने का भाव लेकर जाना चाहिए तैरने का भाव लेकर नहीं जाना चाहिए पवित्र नदियां डुबकी लगाने के लिए होती है तैरने के लिए नहीं हम जब भी नर्मदा स्नान के लिए जावे तो घर में धार्मिक उपयोग कि हुई सामग्री लेकर नर्मदा में विसर्जित करने नहीं जावे वही नर्मदा स्नान के दौरान साबुन का उपयोग भी नहीं करना चाहिए किनारो को हमेशा स्वच्छ एवं साफ रखना चाहिए अपने अंग वस्त्र को भी नर्मदा नदी में नहीं धोना चाहिए हम किस्मत वाले हैं कि हमें नर्मदा नदी का किनारा मिला हम हमेशा मां नर्मदा के ऋणी रहेंगे जो हमें अपना निर्मल जल उपलब्ध कराती है कथा के अंतिम पहर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया शेषनाग वाली टोकरी में नन्हे से कृष्ण को लाया गया पूरा पंडाल कृष्ण मय हो गया और भगवान कृष्ण की जयकारे गुंजने लगे भक्तगण नाचते गाते हुए भगवान कृष्ण को लेकर चल रहे थे मंच पर पंडित शर्मा द्वारा भगवान कृष्ण को गोद में लेकर दुलार किया।


नवभारत

बदनावर में 'नवभारत' अखबार की प्रति, समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें- स्वदेश सिंह पंवार
मो.बा. 96306-42180